# वार्षिक परिक्षा सत्र 2022-2023
## विषय - हिन्दी

**समय - 3 घंटे** | **कक्षा - 9 वीं** | **पूर्णांक 75**

निर्देश :- 1. सभी प्रश्न अनिवार्य है। निर्धारित अंको को ध्यान में रखते हुए उत्तर लिखे जायें।
2. प्रश्न क्रमांक 01 में वस्तुनिश्ठ प्रश्न क तीन खण्ड है, प्रत्येक पर 1 अंक आबंटित है।
3. प्रश्न क्रमांक 2 से 6 तक अति लधु उत्तरीय प्रश्न है, प्रत्येक पर 2 अंक आबंटित है। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 30 शब्द।
4. प्रश्न क्रमांक 7 से 10 तक लधु उत्तरीय प्रश्न है, प्रत्येक पर 3 अंक आबंटित है। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 50 शब्द।
5. प्रश्न क्रमांक 11 से 15 तक लधु उत्तरीय प्रश्न है, प्रत्येक पर 4 अंक आबंटित है। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 75 शब्द।
6. प्रश्न क्रमांक 16 एवं 17 दीर्ध उत्तरीय प्रश्न है, प्रत्येक पर 5 अंक आबंटित है। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 100 शब्द।
7. प्रश्न क्रमांक 18 निबंध लेखन है, जिसमें 8 अंक आबंटित है। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 300 शब्द।

---

प्र.क्र.1(अ) सही विकल्प चुनकर लिखिए।

क) यासुकी चान की बीमारी थी :-
{i} कैंसर {ii} पोलियो {iii} दृष्टिहीनता {iv} लकवा

ख) एशिया का सबसे स्वच्छ गाँव है :-
{i} काठमांडू {ii} दिल्ली {iii} मायलिनोंग {iv} लाहौर

ग) हमारे जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है :-
{i} सोना {ii} कोयला {iii} लोहा {iv} प्लास्टिक

ध) मतराही क्या है :-
{i} यादव जाति का पर्व {ii} माता सेवा {iii} पंथीनाच {iv} सुआ नाच

ड) " नदियाँ-नरवा मा तँउरत हे" कविता के रचनाकार है :-
{i} मुकुंद कौशल {ii} राजेश जोशी {iii} निर्मला पुतुल {iv} डॉ. मुकुटधर पाण्डेय

(ब) रिक्त स्थानों की पूर्ती कीजिए :-
{i} रीढ की हड्डी पाठ के अंत में नौकर ........................ लेकर आता है।
{ii} इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय को ........................ कहा जाता है।
{iii} क्रीड़ा करने के लिए ........................ ब्रज की गलियों में निकले है।
{iv} मोतियो की फसल वस्तुतः ........................ थी।
{v} सब खेलो का राजा ........................ है।

(स) सही संबंध जोड़िए :-

| | |
|---|---|
| {i} जामुन का पेंड़ | डॉ. ए.पी.जे.अब्दुल कलाम |
| {ii} आदमी | सोमा बुआ |
| {iii} अकेली | सियार |
| {iv} मिसाइल मैन | कृश्न चंदर |
| {v} कोलिहा | आदमियत |

कृपया पृष्ट पलटे



https://www.cgboardonline.com

प्र.क्र.2. "मोती व्यर्थ लुआने वालो।" पंक्ति में मोती से क्या आशय है?

प्र.क्र.3. निम्नलिखित के दो-दो पर्यायवाची लिखिए - (अ) नयन (ब) उपवन

प्र.क्र.4. निम्नलिखित शब्द के तद्भव रूप लिखिए -
{i} अक्षि {ii} गोधूम {iii} चन्द्रिका {iv} मक्षिका

प्र.क्र.5. गुरदास की क्या महत्वाकाँक्षा थी?

प्र.क्र.6. वर्तनी शुद्ध कर लिखिए :- (अ) विकसीत (ब) प्राक्रनिक

प्र.क्र.7. बच्चों के काम पर जाने से उनका बचपन किस तरह प्रभावित होता है?

प्र.क्र.8. पिताजी अपने तबादले से दुःखी थे, जबकि लेखक खुश था। क्यों?

प्र.क्र.9. अनुप्रास अलंकार को सोदाहरण परिभाषित कीजिए।

प्र.क्र.10. संधि विच्छेद कर संधि का नाम लिखिए :- (अ) विद्यालय (ब) रामायण (स) पावन

प्र.क्र.11. पेड़ पर चढ़ना एक सुखद अनुभव है, इस पर अपने विचार रखिए और बताइये कि यासुकी चान इस सुखद अनुभव से वंचित क्यों था।

अथवा

ग्रीष्मकाल में झाँझ के चलने से मनुष्य किस प्रकार प्रभावित होता है?

प्र.क्र.12. सोमा बुआ अपने पति की प्रतीक्षा क्यों नहीं करती थी?

अथवा

सुआ गीत की कोई चार विशेषताएँ लिखिए।

प्र.क्र.13. गाँव के पुल का नाम "लाइव रूट" ब्रिज ही क्यों रखा गया होगा?

अथवा

आशय स्पष्ट कीजिए "विकसीत भारत महज एक सपना नहीं है।"

प्र.क्र.14. निम्नलिखित गद्यांश की सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए-

"मुझे न्याय का बल था। वह अन्याय पर उटा हुआ था। मैं हाथ छुड़ाकर भागना चाहता था वह मुझे जाने न देता। मैंने उसे गाली दी, उसने उससे कड़ी गाली दी और गाली- ही नहीं, एक चाँटा जमा दिया मैंने उसे दाँत काट लिया। उसने मेरी पीठ पर डंडा जमा दिया। मैं रोने लगा गया मेरे अस्त्र का मुकाबला न कर सका। मैंने तुरन्त आँसू पोंछ डाले, डंडे की चोट भूल गया और हँसता हुआ घर जा पहुँचा"

अथवा

"अब मुझे कह लेने दो बाबूजी! ये जो महाशय मेरे खरीददार बनकर आए हैं, उनसे जरा पूछिए कि क्या लड़कियों के दिल नहीं होते? क्या उनको चोट नहीं लगती हैं? क्या वे बेबस भेड़-बकरियाँ हैं? जिन्हें कसाई अच्छी तरह देख-भालकर ....................."

प्र.क्र.15. निम्नलिखित पद्यांश की सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए

खेलन हरि निकसे ब्रज खोरी
कटि कछनी पीतांबर बाँधे हाथ लिए भौंरा चक डोरी
गए स्याम रवि तनया के तट, अंग लसति चंदन की खोरी
औचक ही देखीं तहँ राधा, नैन बिसाल भाल दिए रोरी।

अथवा

सपना क्या है ? नयन सेज पर
खोया हुआ आँख का पानी,
और टूटना है उसका ज्यों
जागे कच्ची नींद जलानी



https://www.cgboardonline.com

प्र.क्र.16. वार्षिक परीक्षा की तैयारी का उल्लेख करते हुए तीन हजार रूपये मंगवाने के लिए अपने पिताजी को पत्र लिखिए।

अथवा

शिक्षण शुल्क माफ करने हेतु अपनी शाला के प्राचार्य को आवेदन पत्र लिखिए।

प्र.क्र.17 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :-

कपाल अर्थात् मस्तिष्क और भाति का अर्थ होता है-तेज। जिस प्राणायाम को करने से माथे पर तेज बढ़ता हो, वह कपालभाति प्राणायाम है। इसमें सास को शक्ति पूर्वक बाहर छोड़ते हैं तथा श्वाँस को भरने के लिए प्रयत्न नहीं करते। ऐसा करते हुए पेट में भी आकुंचन व प्रसारण की क्रिया होती है। कपालभाति प्राणायाम को न्यूनतम 5 मिनट अवश्य करना चाहिए। कपालभाति प्राणायाम से मस्तिष्क तथा मुख पर तेज, आभा तथा सौन्दर्य बढ़ता है। मोटापा, मधुमेह, अम्लपित्त जैसे रोग दूर होते हैं।

(i) कपालभाति प्राणायाम का क्या अर्थ है ?

(ii) कपालभाति प्राणायाम कैसे किया जाता है

(iii) इस प्राणायाम को कितनी देर तक अवश्य करना चाहिए ?

(iv) इस प्राणायाम से कौन से रोग दूर होते हैं?

(v) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।

प्र.क्र.18. निम्नांकित में से किसी एक विषय पर लगभग 300 शब्दों में सारगर्भित निबंध लिखिए :

(i) मेरे जीवन का लक्ष्य

(ii) विद्यार्थी और अनुशासन

(iii) जीवन में खेलों का महत्व

(iv) विज्ञान वरदान या अभिशाप

(v) कोरोना: एक महामारी

##### ##### #####

https://www.cgboardonline.com